दैनिक
# नवश्रेय टाईम्स

PRGI No._RJHIN/25/A0587

सम्पर्क सूत्र
दैनिक नवश्रेय टाईम्स में समाचार, विज्ञापन और सूचनाएं प्रकाशित करवाने के लिए सम्पर्क करें:-
मो. 9602240956
Email-
navshreyatimes@gmail.com

वर्ष : 01 | अंक : 39 | जयपुर, मंगलवार, 09 सितम्बर 2025 | प्रभात संस्करण | मूल्य: 2 रु. | कुल पृष्ठ : 4

### राज्यपाल बागडे ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात

## 'अभ्युदय की ओर' पुस्तक की प्रधानमंत्री ने की सराहना, एक वर्ष के कार्यकाल को महत्वपूर्ण बताया





■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने सोमवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के साथ राज्य और राष्ट्र से जुड़े विभिन्न विषयों पर संवाद भी किया। इस दौरान राज्यपाल ने मोदी को राजस्थान में अपने कार्यकाल के एक वर्ष के आलोक में प्रकाशित पुस्तक 'अभ्युदय की ओर' की प्रति भी भेंट की। मोदी ने 'अभ्युदय की ओर' पुस्तक का अवलोकन किया तथा उसकी सराहना की। मोदी ने बागडे के एक वर्ष के कार्यकाल को महत्वपूर्ण बताते हुए उनके द्वारा डेयरी, सहकारिता और प्राकृतिक खेती के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने बागडे को जमीन से जुड़ा आदर्श व्यक्तित्व बताया।

> राज्य और राष्ट्र विकास से जुड़े विषयों पर हुआ संवाद

राज्यपाल बागडे ने प्रधानमंत्री को प्रदेश में उच्च शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए किए जा रहे कार्यों, विशेष रूप से नैक एक्रिडिएशन के लिए किए जा रहे प्रयासों तथा आदिवासी कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में बताया। राज्यपाल ने राज्य के सभी 41 जिलों में केन्द्र एवं राज्य सरकार के विकास कार्यक्रमों, कल्याणकारी योजनाओं आदि के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए की गई समीक्षा बैठकों, सीमावर्ती क्षेत्रों के दौरों, डेयरी, सहकारिता एवं प्राकृतिक खेती के लिए प्रारंभ हुए कार्यों के बारे में जानकारी दी।

### राष्ट्रपति ने ईईपीसी इंडिया के प्लेटिनम जयंती समारोह में भाग लिया

## देश को एक अग्रणी नवाचार अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प लें : राष्ट्रपति




■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

नई दिल्ली में इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी) भारत के प्लेटिनम जयंती समारोह में शामिल हुईं। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर कहा कि प्राचीन काल में भारत ने अध्यात्म और व्यापार दोनों में विश्व का नेतृत्व किया था। भारत को एक बार फिर ज्ञान और व्यापार का अग्रणी केंद्र बनाना सभी नागरिकों का संकल्प होना चाहिए। आर्थिक क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण हितधारक होने के नाते ईईपीसी को यह संकल्प दृढ़तापूर्वक लेना चाहिए। राष्ट्रपति ने इस बात पर खुशी जताई कि पिछले 10 वर्षों में भारत का इंजीनियरिंग निर्यात 70 अरब डॉलर से बढ़कर 115 अरब डॉलर से भी अधिक हो गया है। उन्होंने कहा कि निर्यात में यह वृद्धि तब और भी प्रभावशाली लगती है, जब हम यह देखते हैं कि पिछले दशक के दौरान अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के क्षेत्र में कई चुनौतियां रही हैं। उन्होंने इस उपलब्धि में योगदान के लिए ईईपीसी की सराहना की। राष्ट्रपति ने कहा कि ईईपीसी अंतर्राष्ट्रीय बाजार और भारतीय उत्पादकों के बीच एक सेतु का काम करता है। उन्होंने ईईपीसी से वैश्विक मूल्य श्रृंखला में भारत और भारतीय उद्यमियों की भूमिका का निरंतर विस्तार करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि विश्व व्यापार व्यवस्था और अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था में हो रहे बदलावों के कारण इसकी भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है। राष्ट्रपति ने कहा कि वैश्विक व्यापार की चुनौतियों को हमारे देश में उपलब्ध असाधारण क्षमताओं का उपयोग करके अवसरों में बदलने की आवश्यकता है। पिछले सात दशकों में भारत के इंजीनियरिंग निर्यात में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। ईईपीसी को परिवर्तन की इस प्रक्रिया को जारी रखना चाहिए और राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ भारत की अर्थव्यवस्था को निरंतर मजबूत बनाने के लिए कार्य करते रहना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि कम लागत पर उच्च-गुणवत्ता वाली इंजीनियरिंग सेवाएं और उत्पाद भारत की एक बड़ी ताकत हैं। दुनिया की सबसे बड़ी कंपनियों के वैश्विक क्षमता केंद्र भारत में हैं। ईईपीसी जैसे हितधारकों को उचित प्रोत्साहन और एक इको-सिस्टम प्रदान करके भारत को एक वैश्विक नवाचार केंद्र बनाने के विचार के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

## उपराष्ट्रपति चुनाव में भाग नहीं लेंगे बीआरएस और बीजेडी



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के नेतृत्व वाली बीजू जनता दल (बीजेडी) ने मंगलवार को उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए होने वाले मतदान से दूर रहने की घोषणा की है।राज्यसभा में बीआरएस के चार और बीजेडी के सात सदस्य हैं। लोकसभा में दोनों ही दलों के पास कोई सदस्य नहीं है। दोनों ही दल राष्ट्रीय स्तर पर किसी भी गठबंधन का हिस्सा नहीं हैं। बीजेडी के सांसद सस्मित पात्रा ने सोमवार को यहां संवाददाताओं को बताया कि पार्टी के सांसद उपराष्ट्रपति चुनाव में मतदान से दूर रहेंगे। पार्टी अध्यक्ष नवीन पटनायक ने वरिष्ठ नेताओं, राजनीतिक मामलों की समिति के सदस्यों और सांसदों से विचार-विमर्श के बाद यह फैसला लिया। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने भी कहा कि उनकी पार्टी उपराष्ट्रपति चुनाव से दूर रहेगी। उन्होंने तेलंगाना के किसानों में यूरिया की कमी को लेकर कांग्रेस और भाजपा दोनों पर हमला बोला।

## प्रस्तावित मेगा-इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट सरकार की संवेदनहीनता का प्रतीक : कांग्रेस

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी के एक अंग्रेजी अखबार में लिखे लेख में ग्रेट निकोबार द्वीप पर प्रस्तावित मेगा-इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट को चिंताजनक और आदिवासी समुदायों के अधिकारों का उल्लंघन बताने पर कांग्रेस नेताओं ने मोदी सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इस परियोजना को विनाशकारी करार दिया तो राहुल गांधी ने इसे सरकार की संवेदनहीनता का प्रतीक बताया। खरगे ने एक्स पोस्ट में कहा कि यह परियोजना न केवल पारिस्थितिक संतुलन को नुकसान पहुंचा रही है, बल्कि शोम्पेन और निकोबारी जैसी जनजातियों के अस्तित्व को भी खतरे में डाल रही है।

उन्होंने लिखा, आज एक अखबार में ग्रेट निकोबार मेगा-इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजना के पारिस्थितिक विनाश पर सोनिया गांधी द्वारा लिखे गए लेख का एक अंश साझा कर रहा हूं। यह परियोजना कानूनी और विचार-विमर्श की प्रक्रियाओं का मजाक उड़ाती है। राहुल गांधी ने इस लेख के जरिए केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह दुस्साहसिक परियोजना आदिवासी अधिकारों की अवहेलना है और सरकार की संवेदनहीनता का प्रतीक है। उन्होंने लिखा, ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना एक दुस्साहस है, जो आदिवासी अधिकारों का हनन करती है और कानूनी व विचार-विमर्श प्रक्रियाओं का मजाक उड़ाती है।

कांग्रेस ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल से सोनिया गांधी के लेख के अंश साझा करते हुए कहा कि जब शोम्पेन और निकोबारी जनजातियों का अस्तित्व ही दांव पर लगा हो, तो देश की सामूहिक अंतरात्मा चुप नहीं रह सकती। पार्टी ने इस परियोजना को एक अद्वितीय पारिस्थितिकी तंत्र के बड़े पैमाने पर विनाश का प्रयास बताते कहा कि भावी पीढ़ियों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता एक अद्वितीय पारिस्थितिकी तंत्र के इतने बड़े पैमाने पर विनाश की अनुमति नहीं दे सकती। हमें न्याय के इस उपहास और हमारे राष्ट्रीय मूल्यों के साथ इस विश्वासघात के खिलाफ आवाज उठानी होगी। उल्लेखनीय है कि सोनिया गांधी ने सोमवार को एक अंग्रेजी अखबार में अपने लेख निकोबार में पारिस्थितिक आपदा का निर्माण में ग्रेट निकोबार द्वीप पर प्रस्तावित मेगा-इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट पर चिंता जाहिर की।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नेवी चिल्ड्रन स्कूल, दिल्ली के हीरक जयंती समारोह के एक भाग के रूप में छात्रों से मुलाकात की



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नेवी चिल्ड्रन स्कूल (एनसीएस), दिल्ली के हीरक जयंती समारोह के एक भाग के रूप में 8 सितंबर, 2025 को साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली में स्कूल के छात्रों और प्रधानाचार्य के साथ मुलाकात की। सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए उन्हें उद्देश्यपूर्ण सपने देखने, ईमानदारी से अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने और अपने सभी प्रयासों में राष्ट्रीय गौरव की भावना को बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने छात्रों से विनम्र रहते हुए भी दृढ़ रहने और अपनी क्षमता के अनुसार अपने कर्तव्यों का ईमानदारी और सम्मान के साथ पालन करने का आह्वान किया। उन्होंने बच्चों के अपने प्रारंभिक वर्षों में चरित्र विकास पर ज़ोर दिया। राजनाथ सिंह ने अनुशासन, सेवा और देशभक्ति के माध्यम से छात्रों के चरित्र और आकांक्षाओं को आकार देने में नेवी चिल्ड्रन स्कूल (एनसीएस) की भूमिका की सराहना की। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले स्कूलों की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करते हुए कहा कि ये संस्थान केवल शिक्षा के केंद्र ही नहीं हैं, बल्कि ऐसे मंच हैं जो अगली पीढ़ी को नेतृत्व, निष्ठा और ज़िम्मेदारी के मूल्यों से ओतप्रोत करते हैं। रक्षा मंत्री को कार्यक्रम के दौरान, नेवी चिल्ड्रन स्कूल के दृष्टिकोण और उपलब्धियों का संक्षिप्त विवरण दिया गया और छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए कि कैसे स्कूल उनके समग्र विकास में केंद्रीय भूमिका निभा रहा है।







CMYK

## संपादक की कलम से....

# खेल बन गई दहशतः झूठी बम धमकियों से शहर में अफरातफरी



रेखा गौड संपादक
दैनिक नवश्रेय टाइम्स

जयपुर शहर पिछले कुछ महीनों से एक अजीब और चिंताजनक दौर से गुजर रहा है। कभी स्कूल, कभी मेट्रो स्टेशन और कभी किसी सार्वजनिक स्थान को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले ईमेल प्रशासन और आम नागरिकों की नींद उड़ा रहे हैं। यह कोई सामान्य घटना नहीं है। इन झूठी अफवाहों के पीछे जो मानसिकता है, वह न केवल अमानवीय है, बल्कि समाज और तंत्र को डर और अव्यवस्था में धकेलने की कोशिश भी है। हर बार धमकी भरे मेल आते ही पुलिस-प्रशासन सतर्क हो जाता है। बम निरोधक दस्ते से लेकर विशेष खोजी दल तक घंटों सर्च ऑपरेशन चलाते हैं। पूरे इलाके की घेराबंदी कर चप्पा-चप्पा खंगाला जाता है। स्कूलों में पढ़ रहे मासूम बच्चों से लेकर यात्रियों और आसपास रहने वाले लोगों में अनावश्यक भय का माहौल बनता है। पुलिस को हर सूचना को गंभीरता से लेना पड़ता है, क्योंकि यदि कभी कोई धमकी सच साबित हुई, तो उसके परिणामों की कल्पना भी नहीं की जा सकती। विडंबना देखिए कि इन झूठी अफवाहों से नुकसान सिर्फ अफवाह फैलाने वालों का नहीं होता, बल्कि पुलिस, प्रशासन और आम जनता की रोजमर्रा की जिंदगी भी इससे बुरी तरह प्रभावित होती है। पुलिस का समय, संसाधन और जनशक्ति व्यर्थ में खर्च होती है, जो किसी वास्तविक आपात स्थिति में कहीं ज्यादा बेहतर इस्तेमाल हो सकती थी।सवाल ये है कि आखिर इन मेल भेजने वालों का मकसद क्या है दहशत फैलाना सिस्टम को कमजोर करना या फिर मनोरोगी मानसिकता का शिकार होकर महज सनक में ऐसा करना जो भी हो, इसकी गंभीरता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। पुलिस की साइबर सेल इस दिशा में लगातार काम कर रही है, लेकिन अब समय आ गया है कि इन मामलों में और सख्ती बरती जाए। ऐसे अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जानी चाहिए, ताकि कोई दूसरा ऐसा दुस्साहस न कर सके। साथ ही, ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून जैसी सख्त धाराएं भी लगाने पर विचार किया जाना चाहिए। एक जिम्मेदार समाज के नाते हमें भी सतर्क रहना होगा। किसी भी अफवाह को बिना पुष्टि के सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों पर फैलाने से बचें और प्रशासन का सहयोग करें। डर और अफवाहों से समाज नहीं चलता, व्यवस्था भी नहीं। ऐसे अपराधियों को कानून के शिकंजे में कसना ही वक्त की सबसे बड़ी जरूरत है।

# भजनलाल सरकार को धन्यवाद देते हुए आदेश की पालना नहीं करने वाले सरपंचों के खिलाफ की आंदोलन की घोषणा

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर



घुमंतू समाज को अलग से आदेश देकर स्थाई आवास प्रदान करने के भजन लाल सरकार के आदेश के लिए धन्यवाद देते हुए आदेश की पालना नहीं करने वाले सरपंचों के खिलाफ बड़े आंदोलन की घोषणा भारत छोड़ो मिशन सोसाइटी ने की है। राजस्थान के दूर दराज में हो रहे बारिश के मौसम के चलते विधानसभा घेराव कार्यक्रम को स्थगित करने के बाद सोमवार को जयपुर के विधानसभा के सामने स्थित यूथ हॉस्टल में भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी के प्रमुख पदाधिकारियों की मीटिंग में भजनलाल सरकार के पंचायत राज मंत्री मदन दिलावर के घुमंतू समाज को अलग से पट्टे देने के आदेश का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री भजनलाल तथा पंचायत राज मंत्री मदन दिलावर के नाम धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया। विगत दो माह से माधोराजपुरा ग्राम पंचायत में ऐसे सरपंचों के पुतले लगाकर भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी विरोध प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने घुमंतू समाज को सरकारी आदेश के बावजूद पट्टे देने की दिशा में प्रस्ताव ही पारित नहीं किया। वहीं शहरों में सरकार के सर्वे के आदेश के बावजूद छूट गई कच्ची बस्तियों का पुनः सर्वे की मांग करते हुए बाबा रामदेव नगर में बाबा रामदेव नगर अध्यक्ष प्रेम कोली तथा भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी की बागरी समाज की प्रदेश अध्यक्ष रोडी देवी ने स्थानीय भू माफियाओं के खिलाफ जांच करवाने की मांग रखी। भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष अनीष कुमार नाडार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि माधव राजपुरा ग्राम पंचायत में घुमंतू समाज की नेता कालीबाई के साथ अन्याय हुआ हैं। जिसकी जांच के आदेश पंचायत राज मंत्री मदन दिलावर ने दे रखे हैं। लेकिन स्थानीय स्तर पर जांच को दबाया जा रहा है। वहीं बाबा रामदेव नगर में जयपुर विकास प्राधिकरण की लगभग 9 बीघा जमीन को भूमाफिया निंगल गया हैं तथा अन्य तीस बीघा पर भी फर्जी कागजात के दम पर कब्जे का खेल लगातार जारी हैं।

इन दोनों मुद्दों तथा अन्य प्रमुख मुद्दों को लेकर बड़े आंदोलन के लिए हर बस्ती में मीटिंग कर सबका समर्थन लेकर आगे बढ़ेंगे। हर हाल में घुमंतु समाज को सरकार के प्रयासों से जोड़ा जाएगा तथा सरकार के घुमंतू समाज उत्थान के प्रयास में आड़े आ रहे हर शक्ति से लड़ा जाएगा। चाहे वह किसी अन्य पार्टी के नेता हों या फिर बस्ती की जमीन को नकली कागजों के दम पर कब्जा काम करने की कोशिश करने वाले वह माफिया हों। इस अवसर पर नेवटा के तालाब को मुख्य स्वरूप में लाने के लिए संघर्ष के लिए गठित समिति के अध्यक्ष रामस्वरूप जाट ने भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी के कार्यों की तारीफ करते हुए घुमंतू समाज के गरीब नागरिकों के हित में हर संभव मदद करने का वादा किया। मीटिंग में कच्ची बस्ती महासंघ के अध्यक्ष गोपाल गुजराती ने भी स्थानीय स्तर पर भूमाफियाओं द्वारा कच्ची बस्ती के जमीन को हड़पने तथा उनके खिलाफ आंदोलन करने के तरीके पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर बाबा रामदेव नगर भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी के पदाधिकारी मांगू देवी, अमित गुजराती, शकूर मिरासी, ग्यारसी, नंदू,तुलसी, रिम मिरासी, सीता, राम सिंह,अमर सिंह, सूरज आदि लोग उपस्थित थे।

## न्यूज़ ब्रीफ

### डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क में हुआ आयोजन

### महापौर डॉ. गुर्जर ने योगा फॉर वन अर्थ वन हेल्थ की थीम पर योगाचार्यों के साथ किया योग एवं वृक्षारोपण



■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ सौम्या गुर्जर ने योगा फॉर वन अर्थ वन हेल्थ की थीम पर पर्यावरण संरक्षण एवं विस्तार के लिए योगाचार्यों के साथ योग एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लिया यह कार्यक्रम मानसरोवर के डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क में आयोजित किया गया जिसमें सभी योगाचार्यों ने योग के साथ-साथ पौधारोपण भी किया महापौर ने बताया कि हरियालो राजस्थान की संकल्पना को साकार करने के लिए मानसरोवर के श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क में पार्षदों,योगाचार्यों, आमजन के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया। इसके साथ ही सभी योगाचार्यों एवं आमजन, पार्षदों ने मिलकर योगाभ्यास भी किया। महापौर ने इस अवसर पर कहा की इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन से न केवल हमारा शरीर स्वस्थ होगा बल्कि हमारी धरा भी हरी भरी होगी।

### सरकारी विश्वविद्यालयों के शिक्षकों एवं कर्मचारियों का विशाल धरना आज शहीद स्मारक पर

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

राजस्थान में सरकारी सहायता से संचालित हो रहे सभी विश्वविद्यालयों के शिक्षक एवं कर्मचारी मंगलवार की सुबह 11 से 2 बजे तक एम आई रोड स्थित शहीद स्मारक पर आयोजित होने वाले विशाल धरने पर बैठेंगें। राजस्थान विश्वविद्यालय पेंशनर्स एसोसिएशन एवं फेडरेशन के अध्यक्ष प्रोफेसर एच एस शर्मा एवं रूपा के महासचिव प्रोफेसर एन के लोहिया के अनुसार राज्य सहायता से चलने वाले विश्वविद्यालयों की लगातार नाजुक हो रही वित्तीय स्थिति के मद्देनजर विश्वविद्यालयों से सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों और शिक्षकों की पेंशन को लेकर आने वाले संभावित संकट को दृष्टिगत रखते हुए इस धरने का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालयों की इस संकटपूर्ण स्थिति के मद्देनजर विश्वविद्यालय कर्मियों के पेंशन का दायित्व राज्य सरकार द्वारा अन्य राजकीय महाविद्यालयों में कार्यरत कर्मियों को दी जा रही पेंशन की भांति लिया जाए। इस विषय को लेकर राज्य सरकार का ध्यान आकर्षित करने की दृष्टि से इस राज्य स्तरीय धरने का आयोजन किया जा रहा है। इस धरने में राज्य के सभी सरकारी सहायता से चलने वाले विश्वविद्यालयों से जुड़े शिक्षक और कर्मचारियों से जुड़े सभी संगठनों से जुड़े सदस्य

# गोल्डन एरा शो में गूंजे दिलकश तराने

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर



शहर के बिरला सभागार में हेल्दी स्माइल्स ग्रुप एवं यूनिक ड्रीम बिल्डर्स द्वारा गोल्डन एरा शो के 12 वे संस्करण का आयोजन किया गया। शो की शुरुआत मिताली वर्मा द्वारा आ जाने जा गीत से की गई। इसके बाद कमल प्रकाश सक्सेना द्वारा ए गुलबदन, निकिता बंसल द्वारा मेरे नसीब में गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इसके बाद दर्शकों के बीच से डॉ समीर शर्मा सैम ने दिल लेना खेल है दिलदार का, महबूबा महबूबा एवं बचके रहना रे बाबा गीतों की मेडले द्वारा धमाकेदार प्रस्तुति सभी से हाथ मिलाते और अभिवादन करते हुए दी। जिसने सभी श्रोताओं को उत्साहित कर दिया और सभी नाचने लगे। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए गीतिका चतुर्वेदी ने लताजी के सुंदर गीतों की मेडले सुनाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। डॉ जितेंद्र सिंह मक्कर ने इक हँसी शाम को, निकिता बंसल ने मेरे नसीब मे तू है के नहीं, ओ मेरे राजा युगल गीत डॉ समीर के साथ, ऋचा खोड़ा ने दम मारो दम, इसके अतिरिक्त कुछ और युगल गीत जैसे क्या यही प्यार है, जिसका मुझे था इंतज़ार आदि की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं।

आयोजक डॉ बलविंदर सिंह ठक्कर ने कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि संजीव प्रकाश शर्मा न्यायाधीश उच्च न्यायालय राजस्थान, विशिष्ठ अतिथि ओ पी अग्रवाल, रवि जैन वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, अजीत सिंह ठक्कर अध्यक्ष यूनिक ड्रीम बिल्डर्स, उस्ताद अहमद हुसैन, उस्ताद मोहम्मद हुसैन आदि से दीप प्रज्वल्लन कराके की। इस संगीत संध्या के 11 अत्यंत सफल संस्करण पूर्व में आयोजित किये जा चुके हैं। शहर के कई गणमान्य लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे। शो का संचालन कबीर द्वारा किया गया एवं संजय माथुर द्वारा आर्केस्ट्रा का सफल संचालन किया गया।

# जिले में 12 सितम्बर से आयोजित होगा राष्ट्रीय पोषण माह, आगामी 11 अक्टूबर तक स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी विभिन्न गतिविधियाँ होंगी आयोजित

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

जिले में आगामी 12 सितम्बर से 11 अक्टूबर तक राष्ट्रीय पोषण माह 2025 मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिले भर में स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएँगी। राष्ट्रीय पोषण माह महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ समन्वय कर आयोजित किया जाएगा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि इस वर्ष पोषण माह शिशु एवं छोटे बच्चों के आहार पर केंद्रित रहेगा। इसके अंतर्गत माँ का पूर्ण स्नेह (माँ) कार्यक्रम के तहत आशा सहयोगिनियों का आमुखीकरण किया जाएगा। साथ ही गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के साथ होने वाली माँ बैठकों में शिशु एवं बाल पोषण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की जाएंगी। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ( परिवार कल्याण ) डॉ. सौरभ आर्य ने बताया कि पोषण माह के दौरान एनीमिया मुक्त भारत/राजस्थान अभियान को भी गति प्रदान की जाएगी।

इसके तहत 20 से 49 वर्ष की महिलाओं, 6 से 19 वर्ष के बच्चों एवं किशोर-किशोरियों का हीमोग्लोबिन परीक्षण किया जाएगा। जिनका वर्तमान वित्तीय वर्ष में परीक्षण नहीं हुआ है, उन्हें परीक्षण, उपचार, संवाद और ट्रैक रणनीति के तहत जाँच, उपचार और परामर्श उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही इस दौरान स्थानीय एवं मौसमी सब्जियों तथा पौष्टिक खाद्य पदार्थों के उपयोग को बढ़ावा देना, मातृ एवं शिशु सुरक्षा कार्ड का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करना और किशोरियों के स्वास्थ्य एवं

# हर्षोल्लास के साथ मनाया फिजियोथेरेपी दिवस




■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

महर्षि अरविंद विश्वविद्यालय के फिजियोथेरेपी विभाग द्वारा विश्व फिजियोथेरेपी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस साप्ताहिक आयोजन का समापन सोमवार को आयोजित रक्तदान शिविर के साथ हुआ, जिसमें विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं और संकाय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं शिविर में 100 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। साप्ताहिक कार्यक्रमों के दौरान मॉडल प्रतियोगिता समेत अन्य आयोजन हुए, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और ज्ञान का प्रदर्शन किया। रक्तदान शिविर के अवसर पर विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन डॉ. भारत पाराशर ने फिजियोथेरेपी की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए।


इसे स्वास्थ्य सेवाओं का अभिन्न हिस्सा एवं स्वास्थ्य के रीढ़ की हड्डी बताया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. राजत मालोत ने विद्यार्थियों को प्रेरक संबोधन दिया और फिजियोथेरेपी को भविष्य की स्वास्थ्य सेवा का अहम स्तंभ बताया। फिजियोथेरेपी विभागाध्यक्ष डॉ.साएमा कादरी ने वक्ताओं का स्वागत आभार जताया।

## दौलतपुरा थाना इलाके के अप्पू घर के पास हुआ हादसा

# तेज रफ्तार से आ रहे कंटेनर ने बाइक सवार तीन लोगों को कुचला, दो लोगों की मौत और एक घायल

■ तीनों मजदूर बगवाड़ा से जयपुर जा रहे थे मजदूरी करने

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर



दौलतपुरा थाना इलाके में सोमवार सुबह दिल्ली से जयपुर की ओर बाइक पर जा रहे तीन लोगों को तेज रफ्तार से आ रहे एक कंटेनर ने टक्कर मार दी। इस हादसे में दो लोगों की दर्दनाक मौके पर ही मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने हाईवे एंबुलेंस की मदद से तीनों को कांवटिया अस्पताल पहुंचाया।

जहां घायल की स्थिति गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने एसएमएस रेफर कर दिया। वही दोनों मृतकों के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है और घायल का इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना के बाद पूरे गांव में मातम छा गया और परिजनों में चीख पुकार मच गई। सकड दुर्घटना थाना पश्चिम की थाना प्रभारी राज किरण ने बताया कि बगवाड़ा निवासी बजरंग लाल (45), कानाराम गुर्जर (48) और विक्रम योगी (25) जो अपने गांव बगवाड़ा से जयपुर मजदूरी करने बाइक से जा रहे थे।

इसी दरमियान अप्पू घर के पास पहुंचे ही थे कि पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे कंटेनर ने उन्हें टक्कर मार दी। इस हादसे में बजरंग लाल और कानाराम की मौके पर ही मौत हो गई और विक्रम गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और एम्बुलेंस की मदद से तीनों को अस्पताल पहुंचाया। वहीं डॉक्टरों ने विक्रम को एसएमएस इलाज के लिए रेफर कर दिया। इस संबंध में मृतक बजरंग लाल के छोटे भाई राजेश गुर्जर ने कंटेनर चालक के खिलाफ टक्कर का मामला दर्ज करवाया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है और कंटेनर चालक की तलाश करने में जुट गई है।

### एक साल से फरार चल रहे दो आरोपियों को पकड़ा

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

सेज थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पचास लाख रुपये के तेल चोरी के मामले में एक साल से फरार चल रहे दो आरोपियों को पकड़ा है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान प्रसाद ने बताया कि सेज थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुएपुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान प्रसाद ने बताया कि सेज थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 50 लाख रुपये के तेल चोरी के मामले में एक साल से फरार चल रहे 20 वर्षीय जसवंत सिंह उर्फ शिवराज उर्फ शिवा और 25 वर्षीय हरिसिंह उर्फ हरीश उर्फ बैटिंग राजा को गिरफ्तार किया है और दोनो ही आरोपित जवाजा जिला ब्यावर के रहने वाले है। जिन्होंने 13 अक्टूबर 2024 को एक ट्रक में भरे 2 हजार 450 तेल के पीपे चोरी किए थे और जिनकी कीमत पचास लाख रुपये थी। पुलिस ने पूर्व में कार्रवाई करते हुए 980 तेल के पीपे बरामद कर चुकी है और आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। दोनो ही आरोपित इसके बाद से ही फरार चल रहे थे।

### पता पूछने के बहाने लोगों के मोबाइल छीनने वाले दो बदमाश गिरफ्तार



■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

सांगानेर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पता पूछने के बहाने झपट्टा मार लोगों के मोबाइल छीनने वाले दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार दोनों बदमाशों के पास छीने गए तीन मोबाइल सहित वारदात में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन भी बरामद किया है। पुलिस उपायुक्त पूर्व संजीव नैन ने बताया कि सांगानेर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए झपट्टा मार मोबाइल छीनने वाले जयदयाल उर्फ जगराम मीणा(28) निवासी रैणी जिला अलवर और राहुल मीणा (20) निवासी मंडावर जिला दौसा को को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से छीने गए गए तीन मोबाइल और वारदात में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन भी जब्त है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपित पता पूछने के बहाने लोगों को रोकते है और मारपीट करते हुए उनके मोबाइल छीन कर फरार हो जाते है।

# कांग्रेसी नेता मुंगेरी लाल के हसीन सपने देखकर हो रहे है खुश : मदन राठौड़

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि कांग्रेसी नेता मुंगेरी लाल के हसीन सपने देखकर खुश हो रहे है। 4 सितंबर को नगर निकाय उपचुनावों के परिणाम में 4 वार्डों में से 1 वार्ड में कांग्रेस जीत पाई, 3 पर भाजपा को स्पष्ट बहुमत मिला है, इसके बावजूद कांग्रेसी नेता खुश होकर ताल ठोक रहे है। राठौड़ ने बताया कि निकाय एवं विधानसभा उपचुनावों में भाजपा ने बहुमत से जीत दर्ज करते हुए यह सिद्ध कर दिया है कि जनता का विश्वास आज भी भाजपा के सुशासन, विकास और पारदर्शिता पर कायम है। जबकि कांग्रेस प्रदेश के साथ देशभर में जनता के बीच अपना जनाधार खो चुकी है। ना कांग्रेसी नेताओं की कोई साख है ना ही जनता कांग्रेसी नेताओं पर विश्वास कर पा रही है। प्रदेश में पिछले 2 सालों में कुल 80 उपचुनावों में से 59 में भाजपा की जीत यह प्रमाणित करती है कि कांग्रेस की कथित 'जीत' केवल एक राजनीतिक दिखावा है। गहलोत साहब कहते है कि भजनलाल जी से मुकाबला करने में मजा नहीं आ रहा, मैं उन से पूछता हूं कि उपचुनावों में हारने के बाद भी मजा नहीं आ रहा क्या इससे ज्यादा मजा और चखा देंगे, कहीं दिखोगे ही नहीं, चारों खाने चित हो जाएंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि राजस्थान की जनता अब कांग्रेस के खोखले वादों और उनकी विफल नीतियों को भली-भांति पहचान चुकी है। अशोक गहलोत का बयान उनकी हताशा और बौखलाहट को दर्शाता है। कांग्रेस के शासनकाल में राजस्थान ने केवल भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और कानून व्यवस्था की बदहाली देखी है। गहलोत को आत्ममंथन करना चाहिए कि उनकी पार्टी किस स्थिति में है और युवाओं, किसानों और महिलाओं से किए गए वादों का क्या हुआ। राठौड़ ने कहा कि भाजपा सोशल मीडिया पर दिए ऐसे बयानों से विचलित होने वाली नहीं है, भाजपा की भजनलाल सरकार प्रदेश के विकास और सुशासन की दिशा में ठोस कदम बढ़ा रही हैं। राठौड़ ने कहा कि नगर निकाय उपचुनावों में कांग्रेस चार निकायों में से केवल एक हेरिटेज जयपुर के वार्ड 63 में जीत पाई है, जबकि तीन निकायों टोंक मालपुरा के वार्ड 31 एवं 34 और भीलवाडा के गुलाबपुरा में वार्ड 28 में भाजपा को स्पष्ट जनादेश मिला। इसके बावजूद कांग्रेस आत्ममुग्धता में 'ताल ठोकने' का नाटक कर रही है। इससे पहले प्रदेश की 7 विधानसभा उपचुनावों में से 5 पर भाजपा की विजय और सिर्फ एक पर कांग्रेस की जीत होना, इनकी जमीनी हकीकत को उजागर करता है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस की आंतरिक कलह पर भी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं के बीच सार्वजनिक रूप से चल रही खींचतान, जैसे कि डोटासरा और जूली के बीच माफीनामे को लेकर शुरू हुआ विवाद, वरिष्ठ नेता राजेंद्र पारिक पर डोटासरा द्वारा की गई टिप्पणी, यह दर्शाती है कि कांग्रेस में अनुशासन और नेतृत्व का अभाव है। इस तरह के बयान केवल पार्टी की अंदरूनी कमजोरी को उजागर करते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का विधानसभा में न आना यह दर्शाता है कि कांग्रेस लोकतांत्रिक संस्थाओं का सम्मान नहीं करती। लोकतंत्र में आस्था रखने वाले नेता जनता के सामने, सदन के भीतर संवाद करते हैं, न कि बाहर से बयानबाज़ी करके। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भाजपा चुनावों में पारदर्शिता और आधुनिक तकनीक के पक्ष में है। कांग्रेस का बैलेट पेपर की ओर लौटने की मांग केवल राजनीतिक हताशा और तकनीकी प्रगति से भय को दर्शाता है। जब ईवीएम से कांग्रेस को जीत मिलती है तो उसे स्वीकार किया जाता है, और जब हार होती है तो उसी मशीन पर सवाल उठाए जाते हैं – यह दोहरा मापदंड स्वीकार्य नहीं है। भाजपा जनता के विश्वास और समर्थन से निरंतर आगे

# फिजियोथैरेपी दिवस पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित



■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

विश्व फिजियोथैरेपी दिवस के अवसर पर सांगानेर स्थित प्रियुष मेडेलाइट अस्पताल में निशुल्क चिकित्सा शिवर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मरीजों के लिए निःशुल्क फिजियोथेरेपी सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में मरीज एवं आमजन ने लाभ उठाया। सत्र में लाइफ़ स्टाइल को ठीक रखने के टिप्स एवं नियमित रूप से की जाने वाली एक्सरसाइज सिखाई गई। इस अवसर पर केक काटकर चिकित्सको को इस दिवस की शुभकामनाएं भी दी गई। फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. गणेश गुर्जर ने बताया कि ये सत्र गंभीर मरीजों के लिए सप्ताह भर तक जारी रहेंगे। अस्पताल की डायरेक्टर डॉक्टर उषा गुप्ता ने बताया कि व्यायाम कर के स्वस्थ जीवन दिया जा सकता है, उन्होंने बताया कि इस वर्ष की हमारी थीम स्वस्थ उम्र बढ़ाना है।

पुलिस, बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वायड समय तमाम सुरक्षा एजेंसियां पहुंची मौके पर

## राजधानी जयपुर में फिर मिली स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी, ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की दी गई धमकी

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

राजधानी जयपुर में बम की धमकियां मिलने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक बार फिर से किसी अज्ञात व्यक्ति ने मानसरोवर इलाके में किरण पथ स्थित एक प्राइवेट स्कूल को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। मेल पर धमकी मिलने के बाद स्कूल प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। जिसके बाद स्कूल प्रशासन मेल पर बम ब्लास्ट होने की धमकी मिलने की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस, बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वायड समय तमाम सुरक्षा एजेंसियां मौके पर पहुंची. स्कूल में मौजूद सभी बच्चों सहित स्टाफ को बाहर निकाला गया। स्कूल के चप्पे-चप्पे की तलाशी शुरू की गई। लेकिन पुलिस के हाथ कुछ नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस और स्कूल प्रशासन ने राहत की सास ली। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण ललित किशोर शर्मा के मुताबिक जयपुर के मानसरोवर इलाके में किरण पथ स्थित एक प्राइवेट स्कूल (स्प्रिंगफील्ड स्कूल) को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली है।सोमवार सुबह स्कूल की ऑफिशियल मेल आईडी पर रात को ही धमकी भरा ईमेल भेज दिया गया था, जिसमें स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। ईमेल में लिखा था स्कूल में बम रखा गया है और जल्दी फट जाएगा। सभी को दोपहर से पहले सुरक्षित जगह पर चले जाना चाहिए। स्कूल प्रशासन ने पुलिस को मामले की सूचना दी। पुलिस समेत अन्य सुरक्षा एजेंसी मौके पर पहुंची। स्कूल बिल्डिंग से बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल कर स्कूल परिसर खाली करवाया गया। बच्चों के परिजन भी बच्चों को लेने के लिए स्कूल पहुंचे। वहीं स्कूल में बम की सूचना पर पुलिस, फायर ब्रिगेड, बम स्क्वायड, सिविल डिफेंस टीम सभी सुरक्षा एजेंसियां मौके पर पहुंची। स्कूल के अंदर सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। डॉग स्क्वायड और बम स्क्वायड टीम ने जांच की। सर्च ऑपरेशन के दौरान किसी प्रकार की कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिलने पर प्रशासन ने राहत की सांस ली। वहीं शिवदासपुरा के एक स्कूल को ईमेल के जरिए धमकी भरा संदेश मिला था। वहां भी पुलिस टीम को सर्च अभियान में किसी तरह की कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। साइबर एक्सपर्ट की मदद ली जा रही है। ईमेल करने वाले की भी जांच की जा रही है। गौरतलब है कि इससे पहले भी कई बार जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट, स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, होटल्स को बम से उड़ाने की धमकियां मिलने के कई मामले सामने आ चुके हैं।

## शौर्य और प्रगति की गाथा के साथ निकली प्रधानमंत्री गौरव यात्रा, राष्ट्रभक्ति और आत्मनिर्भर भारत का संदेश लेकर 10 सितंबर को जयपुर पहुंचेगी गौरव यात्रा





■ शहीदों के परिजनों का सम्मान, पुष्प वर्षा से हुआ यात्रा का स्वागत

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

प्रवासी संघ राजस्थान की ओर से केंद्र सरकार के ग्यारह स्वर्णिम वर्ष और ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता को समर्पित प्रधानमंत्री गौरव यात्रा का शुभारंभ सोमवार सुबह श्रीगंगानगर भारत माता चौक रामलीला मैदान से हुआ। यह यात्रा (बुधवार) 10 सितम्बर की सुबह जयपुर में संपन्न होगी। यात्रा प्रभारी एवं प्रदेश संयोजक भीम सिंह कासनियां ने बताया कि यात्रा की शुरुआत से पूर्व कार्यकर्ताओं ने शिवपुर हेड पर महाराजा गंगा सिंह की पूजा-अर्चना की।

जहां शहर के गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में यात्रा को रवाना किया गया। इस दौरान जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया।

कासनियां ने कहा कि प्रवासी संघ के राष्ट्रीय संयोजक एवं उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री तरुण राठी के मार्गदर्शन में आयोजित इस यात्रा से राष्ट्रभक्ति, आत्मनिर्भर भारत और जनकल्याण का संदेश पूरे प्रदेश में गूंज रहा है।

प्रधानमंत्री गौरव यात्रा श्रीगंगानगर से शुरू होकर हनुमानगढ़, पीलीबंगा, सूरतगढ़, राजियासर, अर्जुनसर, महाजन, लूणकरणसर, बीकानेर, डूंगरगढ़, रतनगढ़, फतेहपुर, रींगस, गोविंदगढ़, चौमू और हरमाड़ा होते हुए जयपुर पहुंचेगी।

यात्रा के दौरान प्रवासी संघ राजस्थान लगातार शहीदों के परिजनों का सम्मान करता आ रहा है। कासनियां ने बताया कि यह यात्रा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि शौर्य, त्याग और प्रगति की गाथा को स्मरण करने का संकल्प है।

## पुलिस कांस्टेबल भर्ती-2025 : एडमिट कार्ड ग्यारह सितंबर से होंगे डाउनलोड

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

राजस्थान पुलिस कांस्टेबल भर्ती 2025 की लिखित परीक्षा की तारीखें घोषित कर दी गई हैं। परीक्षा 13 सितंबर को दूसरी पारी में और 14 सितंबर दोनों पारियों में आयोजित की जाएगी। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड बिपिन कुमार पाण्डेय ने बताया कि अभ्यर्थी 9 सितंबर से अपने परीक्षा केंद्र, जिले और पारी से संबंधित जानकारी ऑनलाइन देख सकेंगे। ई-प्रवेश पत्र 11 सितंबर 2025 से अपनी एसएसओ आईडी के माध्यम से डाउनलोड कर सकेंगे। कांस्टेबल बैंड के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा नहीं होने के कारण प्रवेश पत्र अपलोड नहीं किए गए हैं।

**'परीक्षा से जुड़े अहम निर्देश'** परीक्षा शुरू होने से 2 घंटे पहले केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य है। परीक्षा शुरू होने के 30 मिनट बाद किसी को भी प्रवेश नहीं दिया जाएगा। प्रवेश पत्र के साथ अपना हाल ही का रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो और एक मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र (जैसे आधार कार्ड) लाना जरूरी है। एडमिट कार्ड पर दिए गए ड्रेस कोड का पालन करना होगा। नीले या काले रंग की स्याही वाला पारदर्शी बॉल पेन साथ लाएं। मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, घड़ी, कैलकुलेटर, पर्स, बैग और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान परीक्षा केंद्र में लाना सख्त मना है।

**'सहायता और संपर्क'** प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में किसी भी समस्या के लिए अभ्यर्थी राजकॉम के हेल्पलाइन नंबर पर और विभाग के संपर्क नंबर या ईमेल पर सम्पर्क कर

## जोन-13 में चौदह बीघा भूमि पर तीन अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त





■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-12 में निजी खातेदारी की करीब 06 बीघा कृषि भूमि पर 02 नवीन अवैध कॉलोनियों को पूर्णतः ध्वस्त किया गया। साथ ही निजी खातेदारी की करीब 08 बीघा कृषि भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी को पूर्णतः ध्वस्त किया गया। पुलिस उप महानिरीक्षक राहुल कोटोकी ने बताया कि जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित अजमेर रोड़, ग्राम सांझरियापुलिस उप महानिरीक्षक राहुल कोटोकी ने बताया कि जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित अजमेर रोड़, ग्राम सांझरिया, जिला जयपुर में करीब 03 बीघा कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल, सीमेन्ट के ब्लॉक की सड़के, व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम बेगस, जिला जयपुर में करीब 03 बीघा कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''सालासर सिटी'' के नाम से बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़के व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। जेडीए द्वारा जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम कानोता, मालियों की ढ़ाणी के पासजेडीए द्वारा जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम कानोता, मालियों की ढ़ाणी के पास, जिला जयपुर में करीब 08 बीघा कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''केषव सिटी'' के नाम से बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़के व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। उक्त कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-द्वितीय, तृतीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-12, 13 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टाफ की निशानदेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा संपादित की गई। प्रवर्तन प्रकोष्ठ जविप्रा द्वारा वर्ष 2024 में 383 व वर्ष 2025 में 279 आज तक कुल 662 नवीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयासों को विफल किया गया।

## चेन स्नेचिंग की वारदात करने वाला एक शातिर चेन स्नैचर गिरफ्तार




■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल जिला स्पेशल टीम (सीएसटी) ने आदर्श नगर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए चेन स्नेचिंग की वारदात करने वाले एक शातिर चेन स्नैचर को धर-दबोचा है। पुलिस ने आरोपित के पास से वारदात में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन भी जब्त किया गया है। पुलिस पूछताछ में आरोपित चेन,पर्स–मोबाइल स्नेचिंग की एक दर्जन से अधिक वारदातों को अंजाम देना कबूला है।

फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।पुलिस उपायुक्त (अपराध) अभिजीत सिंह ने बताया कि सीएसटी ने आदर्श नगर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए चेन स्नेचिंग की वारदात करने वाले शातिर स्नेचर 32 वर्षीय वाहिद अली उर्फ फाम निवासी गलता गेट जयपुर गिरफ्तार किया है। जिसके पास से वारदात में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन बरामद किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित वाहिद अली उर्फ फाम जो चैन, पर्स व मोबाइल स्नैचर का अपराध करने का आदि है। आरोपी पूर्व में भी जयपुर शहर में चैन, पर्स व मोबाइल स्नैचिंग की वारदातों का अंजाम दे चुका है व नशे का आदि है। गिरफ्तार आरोपी वाहिद अली उर्फ फाम ने पूर्व में बनी पार्क, अशोक नगर, मालवीय नगर, जवाहर नगर में एक दर्जन से अधिक वारदात करना स्वीकार किया है।आरोपी वारदात करने से पहले मदाक पदार्थ का सेवन करके नशे में वारदात को अंजाम देता है। वारदात करते समय राह चलती महिलाओं से चैन, पर्स व मोबाइल छीना झपटी में मारपीट करने से भी पीछे नहीं हटता है। आरोपी से पूछताछ जारी है,जिससे अन्य वारदात खुलने की संभावना है।

## कैफे की आड में चल रहे हुक्का बार पर पुलिस ने मारी रेड, हुक्का–चिलम और पाइप सहित अन्य सामान जब्त



■ कैफे मैनेजर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ दस लोगों का किया कोटपा एक्ट में चालान

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

श्याम नगर थाना पुलिस ने जनपथ रोड स्थित हैरो कैफे की आड़ में चल रहे अवैध हुक्का रेड मारी है। पुलिस जानकारी के अनुसार कैफे की आड में ग्राहकों को हुक्के की सप्लाई की जा रही है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हुक्का पी रहे 10 व्यक्तियों का कोटपा एक्ट में चालान भी किया गया है और साथ ही हुक्के मय पाइप-चिलम फ्लेवर आदि के बरामद हुए। इसके अलावा कैफे मेनेजर को गिरफ्तार भी किया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर राजर्षि राज ने बताया कि श्याम नगर थाना पुलिस ने पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि जनपथ रोड स्थित हैरो कैफे में अवैध रूप से ग्राहकों को हुक्का पिलाया जा रहा है। इस पर एक पुलिस टीम मौके पर जाकर सूचना की तस्दीक कर कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके पुलिस टीम मौके पर पहुंची और छापेमारी करते हुए हुक्का पी रहे 10 व्यक्तियों का कोटपा एक्ट में 2 हजार रुपये का चालान किया गया और साथ ही हुक्के मय पाइप-चिलम फ्लेवर आदि के बरामद हुए। इसके अलावा मैनेजर अर्जुन प्रजापत निवासी भरतपुर को गिरफ्तार किया है।

## घरों से मोबाइल चोरी करने वाली एक शातिर महिला गिरफ्तार



■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

भट्टा बस्ती थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घरों से मोबाइल चोरी करने वाली एक शातिर महिला को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने आरोपित महिला के पास से चोरी किये हुए तीन मोबाइल फोन भी बरामद किये। प्रारम्भिक पूछताछ में महिला ने बताया कि उस ने घरों से अठारह से अधिक मोबाइल फोन चोरी किये हैं। आरोपित महिला मूलरूप से यूपी की रहने वाली है और पिछले कई समय से मोबाइल चोरी की वारदात कर रही थी। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करन शर्मा ने बताया कि भट्टा बस्ती थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घरों से मोबाइल चोरी करने वाली एक शातिर महिला इमराना (30) निवासी अलीगढ (उत्तर प्रदेश )हाल चांदपोल जयपुर को गिरफ्तार कर उस के पास से चोरी किये गए तीन मोबाइल फोन बरामद किये है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपित महिला आगरा से 10-15 दिन में आती तथा मौका देख कर मकानों में घुसकर मोबाइल फोन चुरा लेती है। मकान मालिक को पता चलने पर भीख मांगने व भूखी होने का बहाना कर खाना या भीख लेकर चली जाती है ताकि मकान मालिकों को चोरी का शक नही हो।

निगम आयुक्त ने जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश, चार से 13 सितंबर तक चलेंगे तैयारी शिविर

## शहर चलो अभियानःहेरिटेज निगम के प्री कैंप में लंबित प्रकरणों के साथ पहुंच रहे आमजन




■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

शहर चलो अभियान 2025 से पूर्व निगम हेरिटेज की ओर से आयोजित हो रहे वार्ड स्तर पर तैयारी शिविर में आमजन अपनी समस्याओं के लिए पहुंच रहे है। आयुक्त डॉ निधि पटेल ने शिविरों में आए आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए है। निगम आयुक्त ने बताया कि प्री शिविर का मुख्य उद्देश्य शहरी नागरिकों की कठिनाइयों का त्वरित निवारण करना, नगर निगम द्वारा प्रदत्त सेवाओं से संबंधित समस्याओं का समाधान करना तथा लंबित प्रकरणों का निराकरण करना है। इस अवसर पर जोन स्तर पर ही नागरिकों की विभिन्न शिकायतों एवं समस्याओं के त्वरित निस्तारण प्रक्रिया की जा रही है। वहीं शिविर के माध्यम से लोगों को पारदर्शी और सुगम सेवाएँ उपलब्ध कराने के साथ-साथ उन्हें नगर निगम की योजनाओं एवं सुविधाओं के बारे में भी अवगत कराया गया।

सोमवार को प्री कैंप में करीब 150 लोगों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई। कैंप में अधिक लोग आए, इसके लिए सभी जोन उपायुक्त को वार्डो में जाकर लोगों को कैंप के प्रचार प्रसार करने और जागरूक करने के लिए निर्देशित किया है। जोन स्तर पर वार्डो में कैंप लिए मुनादी भी कराई जा रही है।

**'आज यहां - यहां लगेंगे कैंप'** किशनपोल जोन के वार्ड 55,63 और 67 के कैंप सीकर हाउस स्थित वार्ड 63 के पार्षद कार्यालय में,हवा महल आमेर जोन के वार्ड 15,16, 17 के कैंप इंदिरा गांधी सामुदायिक केंद्र में,आदर्श नगर जोन के वार्ड 76, 77, 78 और 83 का कैंप ऋषि गालव नगर स्थित सामुदायिक केंद्र में, सिविल लाइन जोन के वार्ड 34 से 37 तक के प्री कैंप सिविल लाइन जोन कार्यालय में लगेंगे।

## श्री बालाजी धाम में अखण्ड रामायण पाठ का समापन



■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

शहर से 30 किमी दूर अरावली पर्वतमालाओं के बीच मध्ययुगीन अत्यंन्त प्राचीन मंदिर श्री रघुनाथजी- श्री विशनपुरा बालाजी धाम-विशनपुरा जमवारामगढ़ में विगत 25 वर्षों से अनवरत रूप से जारी अखण्ड रामायण पाठ के अनुसरण में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ 304 वें अखण्ड रामायण पाठ का समापन हुआ। प्रयागराज से लाए गए गंगाजल,सुगंधित द्रव्य,पंचामृत, सर्वोषधि से जलाभिषेक कर श्री बालाजी महाराज को घी-सिंदूर का चोला अर्पित किया गया। साथ ही मध्ययुगीन श्रीरघुनाथजी मंदिर में विराजित प्रभु श्रीराम, जानकी जी,लक्ष्मण जी तथा विलक्षण 108 लिंगी श्री रामेश्वरम महादेव की भी विधिवत पूजा-अर्चना की गई।मंदिर श्री रघुनाथजी-श्री बालाजी धाम विशनपुरा के ट्रस्टी एवं प्रवक्ता पीयूषपाणि चतुर्वेदी ने बताया।

## एटीएस ने पचास हजार रुपये के इनामी दो शातिर बदमाशों को धर–दबोचा, आठ साल से दोनों बदमाश पुलिस को चकमा देकर काट रहे थे फरारी

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर



आतंकवाद निरोधक दस्ता राजस्थान जयपुर (एटीएस ) ने ऑपरेशन डेविल लॉयन एवं ऑपरेशन टंडन अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए लंबे समय से फरार इनामी दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया। जिन पर पचास हजार रुपए का इनाम घोषित था। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है एटीएस पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) विकास कुमार ने बताया कि एटीएस टीम ने वर्ष 2017 से फरार सर्वोदय आपरेटिव सोसायटी में निवेश करने के नाम पर करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी करने वाले इनामी आरोपित शैलेंद्र सिंह और ऋषि राज राठौड़ को गिरफ्तार किया है और दोनों ही आरोपित गांव गिरवा जिला बाडमेर हाल सिरोही जिला सिरोही के रहने वाले हैं। यह लोग झोटवाड़ा थाना इलाके में पहचान छिपा कर होम्योपैथिक डॉक्टर बन कर रहे थे। दोनों आरोपियों के पिता देना बैंक में कर्मचारी थे ।जो इस केस में गिरफ्तार भी हो चुके हैं। दोनों बदमाशों पर जालोर पुलिस अधीक्षक की ओर से 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित था। पिछले 8 साल से दोनों बदमाश पुलिस को चकमा देकर फरारी काट रहे थे। इन दोनों बदमाशों पर 30 से भी अधिक मामले दर्ज हैं। इन दोनों ने कम समय में पैसे दोगुने करने का झांसा देकर लोगों की मेहनत के करोड़ों रुपए लूट लिए थे। जांच पड़ताल में सामने आया कि बदमाशों ने वर्ष 2009 में सर्वोदय आपरेटिव सोसाइटी सिरोही, पाली व जालोर में खोली। इन लोगों ने कुल 28 शाखाओं से यह शुरू किया था। लेकिन सोसायटी के द्वारा वर्ष 2012-13 से निवेशकों को मूल राशि व लाभ देने से मना कर दिया।

जिस पर सर्वादय ऑपरेटिव सोसायटी के पदाधिकारियों पर लोगों ने केस करना शुरू कर दिया। इसके बाद से एटीएस की टीम अवैध पैसों के हवाला कारोबार पर पिछले कुछ समय से नजर बनाए हुए थी। एटीएस टेरर फंडिंग की संभावना को लेकर इस प्रकार से हवाला कारोबार पर नजर रखती हैं। ऐसे ही किसी डील के तार झोटवाड़ा इलाके में पहुंचते की सूचना मिलने पर टीम को एक्टिव किया गया। जांच हुई तो तार को ऑपरेटिव सोसाइटी के सूत्रधारों के गुप्त निवास तक पहुंचे। पेश से होम्योपैथिक डॉक्टर शैलेन्द्र सिंह ठगी के धंधे का सूत्रधार बनने व करोड़ों रुपये के बाद पुलिस की नजर से बचने के लिए डॉक्टरी के पेशे में रहकर अपनी पहचान छिपाया बैठा था। लगभग 4-5 दिनों से एटीएस की टीम झोटवाड़ा इलाके में घूम कर इन अपराधियों के छिपने के स्थान की पहचान करने में जुटी थी। शैलेंद्र सिंह के होम्योपैथिक का डॉक्टर होने व मेडिकल केम्पों में जाने का पता चलने पर एटीएस टीम ने इलाज के लिए सम्पर्क किया। एटीएस की टीम डॉक्टर शैलेंद्र सिंह से इलाज के बहाने झोटवाडा स्थित एमडी रेजीडेंसी में उसके फ्लैट पर मरीज बनकर पहुंची व ऋषिराज व शैलेन्द्र सिंह को धर दबोचा।

## दो शातिर मोबाइल लुटेरे गिरफ्तार, लूटे गए दो मोबाइल फोन और वारदात में प्रयुक्त एक चोरी की बाइक जब्त



■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

माणक चौक थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो शातिर मोबाइल लुटेरों को गिरफ्तार किया हैं। साथ ही पुलिस ने लुटेरों के पास से लूटे गए दो मोबाइल फोन और वारदात में प्रयुक्त एक चोरी की बाइक भी बरामद की हैं। पकड़े गए दोनों बदमाश आदतन अपराधी हैं

जिन के खिलाफ वाहन चोरी और लूट के मामले दर्ज हैं। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि माणक चौक थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोबाइल लूटने वाले मोबाइल लूटेरे 24 वर्षीय सोहेल अख्तर व 32 वर्षीय सलमान उर्फ सुलेमान को गिरफ्तार किया है और दोनो ही आरोपित रामगंज इलाके के रहने वाले है।

पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटे गए दो मोबाइल सहित वारदात में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन भी बरामद किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि दोनों ही आरोपियों के खिलाफ कई थानों में आपराधिक मामले दर्ज है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

राजस्थान मसाला कॉन्क्लेव-2025- राजस्थान मसालों के लिए विश्व विख्यात

# हमारी सरकार कृषि विपणन व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध, किसानों के कल्याण एवं समृद्धि के लिए उठाए गए अनेक कदम : मुख्यमंत्री शर्मा

- अब हर वर्ष आयोजित होगा मसाला कॉन्क्लेव
- मुख्यमंत्री ने कृषि विपणन से संबंधित विभिन्न विकास कार्यों का किया शिलान्यास-लोकार्पण
- जीआई टैग से राज्य के मसालों को मिली विशिष्ट पहचान




■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान मसालों के उत्पादन और व्यापार का प्रमुख केंद्र होने के साथ ही मसालों की समृद्ध परंपरा के लिए विश्व विख्यात है। उन्होंने कहा कि राज्य में मसाला कॉनक्लेव का आयोजन हमारे मसाला उद्योग को नई दिशा व गति प्रदान करेगा। शर्मा ने कार्यक्रम में घोषणा करते हुए कहा कि प्रदेश में अब हर वर्ष मसाला कॉन्क्लेव आयोजित किया जाएगा। साथ ही, इस संबंध में समिति का गठन भी किया जाएगा, जिससे राज्य के मसाला उत्पादकों एवं व्यापारियों को नई संभावनाओं और नए अवसरों का सृजन करने के लिए एक वैश्विक मंच मिल सके। शर्मा सोमवार को जयपुर के बिड़ला सभागार में आयोजित राजस्थान मसाला कॉन्क्लेव-2025 में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य में मसाला प्रसंस्करण उद्योग की अपार संभावनाएं है। राजस्थान जीरा उत्पादन में देश में पहले, मैथी एवं सौंफ उत्पादन में दूसरे और धनिया एवं अजवाइन उत्पादन में तीसरे स्थान पर है।

**प्रधानमंत्री के वोकल फॉर लोकल से मसाला उद्योग को मिली मजबूती**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फोर लोकल की अवधारणा मसाला उद्योग के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र एवं राज्य की डबल इंजन सरकार विपणन व्यवस्था को मजबूत बनाने और कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण से किसानों की आय दोगुनी करने हेतु विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही हैं।

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा कॉमन इन्क्यूबेशन सेंटर बनाए जा रहे हैं। राजस्थान में भी इस योजना के तहत आठ इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं। इन इन्क्यूबेंशन सेंटर में कृषि उपज की जांच, छंटाई, ग्रेडिंग, गोदाम, कोल्ड स्टोरेज और ओडीओपी उपज के लिए प्रसंस्करण सुविधा मिल सकेगी। जिससे वे अपने प्रसंस्कृत उत्पादों को उचित मूल्य पर बाजार में बेच पाएंगे।

**कृषि प्रसंस्करण और विपणन प्रोत्साहन हमारी प्राथमिकता, कार्यक्रम में हुए विभिन्न शिलान्यास एवं लोकार्पण**

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में कृषि उपज मंडी समिति आंगणवा, जोधपुर और कृषि उपज मंडी यार्ड सोहेला, टोंक के इन्क्यूबेंशन सेंटर का वर्चुअल लोकार्पण किया। आंगणवा इन्क्यूबेंशन सेंटर में मसालों, दालों और सब्जियों के प्रसंस्करण के लिए दो प्रोसेसिंग लाइन, कोल्ड स्टोरेज और एक फूड टेस्टिंग लैब की स्थापना की गई है। साथ ही, सोहेला के इन्क्यूबेशन सेंटर में तेल मिल, सब्जियों एवं फलों की प्रसंस्करण इकाई और टमाटर एवं मिर्च की पल्प, सॉस इकाई एवं फूड टेस्टिंग लैब स्थापित की गई है। शर्मा ने सोनवा, टोंक के फूड पार्क का भी वर्चुअल लोकार्पण किया। शर्मा ने कार्यक्रम में नए किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के पंजीयन प्रमाण पत्र तथा पीएम फॉर्मलाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइजेज (पीएम एफएमई) योजना के लाभान्वित कृषकों और उद्यमियों को अनुदान वितरित किया। उन्होंने मसालों से संबंधित विभिन्न योजनाओं के फोल्डर तथा श्रम सम्मान कार्ड का विमोचन तथा राज-स्पाइस ऐप का लोकार्पण किया। साथ ही, कृषि विपणन की विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत लाभार्थियों को चैक वितरित किए। शर्मा ने मिशन जीवन सुरक्षा योजना में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को तथा मसाला प्रदर्शनी में चयनित तीन सर्वश्रेष्ठ स्टॉल को प्रशस्ति पत्र भी वितरित किए। शर्मा ने कार्यक्रम में 143 करोड़ 37 लाख रुपये के सड़क एवं मण्डी विकास निर्माण कार्यों का वर्चुअल शिलान्यास तथा 83 करोड़ 49 लाख रुपये के मण्डी विकास निर्माण कार्यों का वर्चुअल लोकार्पण भी किया।

गिरधारी लाल बिहाणी सनातन धर्म शिक्षा ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम

## सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति ने दुनिया को बहुत कुछ दिया : राज्यपाल बागडे




■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि शिक्षा व संस्कृति से ही संस्कारों का निर्माण होता है। अच्छे संस्कारों से राष्ट्र के अच्छे नागरिक बनते हैं। सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति ने दुनिया को बहुत कुछ दिया है। बागडे सोमवार को गिरधारी लाल बिहाणी सनातन धर्म शिक्षा ट्रस्ट के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित शिक्षा अमृत महोत्सव-शताब्दी की ओर से आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि टिकाऊ समाज के निर्माण में सभी की भूमिका होनी चाहिए। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दीं तथा कहा कि साक्षरता मौलिक अधिकार है। भारतीय संस्कृति, शिक्षा का समर्पण जीवन को उत्कृष्ट बनाती है। राष्ट्र का निर्माण प्राकृतिक संसाधनों से नहीं, मानव संसाधनों से होता है। इसके लिये शिक्षा एक जरूरी कदम है। राज्यपाल ने कहा कि हिन्दू धर्म में वसुधैव कुटुम्बकम् में विश्वास रखने की भावना है। हम लोग पूरे विश्व का कल्याण चाहते हैं। यही सनातन धर्म है। भारत ने कभी किसी दूसरे देश पर आक्रमण नहीं किया और न ही किसी दूसरे धर्म को कम आंकने या निंदा करने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को स्वामी विवेकानंद से प्रेरणा लेनी चाहिए। जैसा सोचोगे, वैसा ही बनोगे की अवधारणा होनी चाहिए। विद्यार्थियों में एकाग्रता बहुत जरूरी है। हमारे युवा प्रतिभाशाली बनें, इसके लिये एकाग्रता पर जोर देते हुए उन्होंने महाभारत में अर्जुन ने जिस प्रकार निशाना लगाया, का उदाहरण दिया। बागडे ने बताया कि नई शिक्षा नीति लागू है।

न्यूज़ ब्रीफ

## सिरोही प्रभारी मंत्री विश्नोई की अध्यक्षता में बैठक का हुआ आयोजन



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

सिरोही जिले के प्रभारी मंत्री के.के. विश्नोई की अध्यक्षता में आत्मा सभागार में अतिवृष्टि से हुए नुकसान एवं बजट घोषणाओं के त्वरित एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रभारी मंत्री विश्नोई ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास के सम्बन्ध में अनुपम कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा प्रदेश के विकास के प्रति प्रतिबद्धता जताते हुए बताया कि राज्य सरकार प्रदेश की जनता के साथ हर सुख दुख में पूर्ण तत्परता के साथ खडी है। उन्होंने सभी अधिकारियों को सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य करते हुए आमजन को राहत पहुंचाने की बात कही। प्रभारी मंत्री विश्नोई ने इस दौरान अतिवृष्टि की स्थिति में मकानों, फसलों, और पशुधन के नुकसान की समीक्षा कर अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों में जाकर राहत बचाव आदि कार्यों को तत्परता से करने के निर्देश दिये साथ ही जिले में जर्जर भवनों, टूटी सडकों आदि की समीक्षा करते हुए मरम्मत के सम्बन्ध में भी शीघ्रातिशीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी आमजन के हित के लिए पूर्ण तत्परता के साथ कार्य करें और अलर्ट मोड पर रहे। राज्य सरकार वर्षा प्रभावित लोगां को त्वरित राहत पहुंचाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## जिला स्तरीय अभिमुखीकरण कार्यशाला, आदि कर्मयोगी अभियान से जयपुर के 177 गांवों का होगा कायाकल्प




■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत 8 सितम्बर 2025 को कलेक्ट्रेट सभागार जयपुर में जिला स्तरीय अभिमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में किया गया। जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा ने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारम्भ किया गया यह अभियान जनजातीय क्षेत्रों में उत्तरदायी शासन और अंतिम छोर तक सेवा संतृप्ति सुनिश्चित करने की एक राष्ट्रीय पहल है। अभियान के तहत देशभर के जनजाति-बहुल एक लाख गांवों में 20-20 व्यक्तियों को आदि कर्मयोगी, आदि सहयोगी एवं आदि साथी के रूप में चयनित किया जा रहा है। इसी क्रम में जयपुर जिले के 10 ब्लॉकों के 177 गांवों का चयन किया गया है। जिले में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान से जुड़े 17 विभागों की 25 प्रमुख गतिविधियों के अभिसरण द्वारा इन गांवों का समग्र विकास सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत स्तर पर ग्रामसेवक, पटवारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पशुधन सहायक, प्रधानाध्यापक, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं विद्युत विभाग का कर्मचारी, आशा कार्यकर्ता, एएनएम, साथिन, कृषि पर्यवेक्षक, वनपाल, सहकारी समिति का व्यवस्थापक और राजीविका समूह की महिला अध्यक्ष आदि को आदि कर्मयोगी की जिम्मेदारी दी गई है।

## प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में यूरिया की उपलब्धता, मांग के अनुसार यूरिया एवं अन्य उर्वरकों की सभी जिलों में आपूर्ति : कृषि मंत्री

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में यूरिया की उपलब्धता है एवं सभी जिलों में मांग के अनुसार यूरिया एवं अन्य उर्वरकों की आपूर्ति की गई है। उन्होंने सदन को आश्वस्त किया कि उर्वरकों के वितरण एवं आपूर्ति में अनियमितता की शिकायत प्राप्त होने पर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। कृषि मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस सम्बन्ध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 एवं 2025 में चूरू जिले में यूरिया की मांग अनुसार आपूर्ति करवाई गई एवं अंतर्राष्ट्रीय कीमतों में वृद्धि से डीएपी उर्वरक की आपूर्ति प्रभावित हुई। चूरू जिले के साथ प्रदेश में डीएपी की आंशिक कमी को देखते हुए ।डीएपी के वैकल्पिक उर्वरक एसएसपी एवं एनपीके की आपूर्ति कृषकों को की गई। उन्होंने कहा कि फ़र्टिलाइज़र की कालाबाजारी करने वालो पर सरकार सख्ती से कार्रवाई कर रही है। विभाग की विजिलेंस टीम द्वारा लगातार औचक निरीक्षण किये जा रहे है।

## रिम्स में सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सा सेवाएं दिलाएंगी प्रदेश को विशेष पहचान : बैरवा

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

विधानसभा में सोमवार को राजस्थान आयुर्विज्ञान संस्थान, जयपुर विधेयक, 2025 ध्वनिमत से पारित हुआ। विधेयक पर चर्चा के बाद उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में गत डेढ़ साल में चिकित्सा क्षेत्र में कई नवाचार हुए हैं जिससे राजस्थान अग्रणी राज्य बना है। इसी कड़ी में एम्स की तर्ज पर जयपुर में राजस्थान आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) स्थापित कर रहे हैं। रिम्स के जरिए स्वास्थ्य परिदृश्य को नई ऊंचाईयां देने के लिए राज्य सरकार संकल्पित है।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2024-25 के बजट में प्रदेश में सुपर-स्पेशियलिटी चिकित्सा को नए आयाम देने के लिए आरयूएचएस (राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हैल्थ साईंसेज) का उन्नयन कर दिल्ली एम्स की तर्ज पर राजस्थान इंस्टीयूट ऑफ मेडिकल साईंसेज (रिम्स) की स्थापना के लिए घोषणा की गई थी। इसमें चरणबद्ध रूप से 750 करोड़ रुपए व्यय करने का प्रावधान रखा गया है।

डॉ. बैरवा ने कहा कि रिम्स से प्रदेश में सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध होंगी, जिससे राज्य को विशेष पहचान मिलेगी। रिम्स एक स्वायत्त संस्थान और विश्वविद्यालय के रूप में कार्य करेगा। यहां राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम, 2019 के तहत डिग्री, डिप्लोमा और अन्य शैक्षणिक मान्यता दी जा सकेगी।

## लंबित जमा मांगपत्र आवेदकों के कृषि कनेक्शन उपलब्ध संसाधनों के आधार पर वरीयतानुसार जारी हो रहे : ऊर्जा मंत्री

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि विधान सभा क्षेत्र नवलगढ़ में 31 दिसम्बर, 2023 तक कुल 1486 जमा मांगपत्र आवेदकों के कृषि कनेक्शन एवं 574 आवेदन मांगपत्र जारी करने हेतु लंबित थे। राज्य सरकार द्वारा 01 जनवरी, 2024 के पश्चात 31 अगस्त 2025 तक कुल 1213 कृषि विद्युत कनेक्शन जारी जारी किये गये। शेष लंबित जमा मांगपत्र वाले आवेदकों के कृषि कनेक्शन उपलब्ध संसाधनों के आधार पर वरीयतानुसार जारी किये जा रहे हैं। विधायक विक्रम सिंह जाखल के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में ऊर्जा मंत्री ने प्रदेश में 31 दिसम्बर, 2023 तक लंबित कृषि कनेक्शन आवेदनों का जिलेवार विवरण सदन के पटल पर रखा। उन्होंने बताया कि 1 जनवरी, 2024 से 31 जुलाई, 2025 तक प्रदेश में 1 लाख 59 हजार 29 कृषि कनेक्शन जारी किये गये।



## विद्यार्थियों ने विधानसभा की कार्यवाही देखी

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की पहल पर डीडवाना के बांगड महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने सोमवार को विधानसभा की कार्यवाही देखी। इस अवसर पर देवनानी ने विद्यार्थियों को विधानसभा की कार्यप्रणाली, संसदीय परंपराओं और लोकतांत्रिक मूल्यों की गहन जानकारी दी। उन्होंने संविधान की गरिमा बनाए रखने और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी। विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक पीतल द्वार पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और विधायक युनूस खां के साथ सामूहिक चित्र लिया। विद्यालय प्रबंधन ने इस ऐतिहासिक अनुभव के लिए विधानसभा अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया।

## बौद्धिक दिव्यांग गृह आवासनी मृतका का नियमानुसार किया गया दाह संस्कार : अविनाश गहलोत

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर




सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि जामडोली स्थित राजकीय बौद्धिक दिव्यांग गृह में पिछले दिनों मृतक आवासनी का अंतिम संस्कार पुलिस विभाग के नियमों के अनुसार किया गया है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि 6 अगस्त, 2016 को सीमा द्वितीय आवासनी को बौद्धिक दिव्यांग गृह (बालिका विंग) जामडोली जयपुर में प्रवेश दिया गया। 26 मार्च, 2025 को इस आवासनी की तबीयत खराब होने पर सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इलाज के दौरान 29 अप्रेल 2025 को रात्रि 10ः30 बजे मृत्यु हो पर जाने के कारण सवाई मानसिंह अस्पताल की मोर्चरी में रखवाकर उक्त आवासनी के माता-पिता के अज्ञात होने के कारण नियमानुसार कार्यवाही के लिए जामडोली थाने को 30 अप्रेल 2025 को सूचित किया गया। आवश्यक कार्यवाही उपरान्त आवासनी के शव का 5 मई, 2025 को पोस्टमार्टम पश्चात् पुलिस द्वारा सुपुर्दगी करते ही उसी दिन 5 मई को दाह संस्कार की कार्यवाही की गयी। गहलोत ने कहा कि जयपुर के जामडोली स्थित राजकीय बौद्धिक दिव्यांग गृह में मानसिक रूप से विमंदित बच्चों को रखा जाता है। इन बच्चों की प्रतिरोधात्मक क्षमता कम होती है और शारीरिक रूप से कमजोर होते हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग के द्वारा 27 सितंबर 2021 को जारी सर्कुलर के नियमों के अनुसार ही आवासनी का दाह संस्कार किया गया।



**राज्यपाल बागडे की मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से शिष्टाचार भेंट**

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे की सोमवार को नई दिल्ली में देश के कानून और न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से मुलाकात हुई। इस दौरान दोनों ने राष्ट्र और राज्य से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। राज्यपाल ने उन्हें अपने एक वर्ष के कार्यकाल के आलोक में प्रकाशित "अभ्युदय की ओर" पुस्तक की प्रति भी भेंट की।राज्यपाल की मेघवाल से यह शिष्टाचार भेंट थी।

## तहसील विजयनगर के ग्राम धांधड़ा बारानी तथा गोमावाली बारानी की चकबंदी की अधिसूचना 21 अगस्त, 2025 को जारी : संसदीय कार्य मंत्री

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि तहसील विजयनगर के ग्राम धांधड़ा बारानी तथा गोमावाली बारानी की चकबंदी की अधिसूचना 21 अगस्त, 2025 को जारी की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि एक संपूर्ण प्रक्रिया के तहत संपन्न होने वाली चकबंदी की कार्यवाही में किसी प्रकार की देरी के लिए किसी व्यक्ति विशेष को दोषी नहीं ठहराया जा सकता है। पटेल प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का राजस्व मंत्री की तरफ से जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि एक सामान्य प्रक्रिया के तहत चकबंदी की कार्यवाही की जाती है। जिसके तहत सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण होने पर अधिसूचना जारी की जाती है।

# प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त, जनता त्रस्त और अपराधी हैं मस्त : टीकाराम जूली

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर




**बेखौफ बदमाशों के सामने, पुलिस और जनता बेबस**

राजस्थान विधान सभा के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के नेतृत्व में कांग्रेस विधायकों ने सदन की कार्यवाही शुरू होने से पूर्व विधान सभा परिसर में प्रदेश में ध्वस्त हो चुकी कानून व्यवस्था को लेकर जबर्दस्त प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी कर सरकार की विफलता को उजागर किया। नारेबाजी और प्रदर्शन के बाद कांग्रेस विधायक प्रदेश में घटी अपराध की घटनाओं से सम्बन्धित खबरों के बैनर पहन कर सदन में पहुंचे और सदन में स्थगन प्रस्ताव के माध्यम से प्रदेश में ध्वस्त हो चुकी कानून व्यवस्था को लेकर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो चुकी है। भाजपा सरकार कानून व्यवस्था को बनाये रखने में पूरी तरह से विफल रही है। प्रतिपक्ष के नेता जूली ने बताया कि कांग्रेस सरकार के समय स्वद्धक्र पंजीयन को अनिवार्य बनाया गया था, ताकि हर शोषित और पीड़ित को न्याय मिल सके, लेकिन भाजपा सरकार ने अपनी विफलता पर पर्दा डालने के लिये अपराध के आंकडे छिपाने के लिए पुलिस को निर्देश दिये हुए हैं कि मुकदमें कम से कम दर्ज किये जाएं, ताकि अपराध के आंकडे बढे नहीं। यही कारण है कि राजस्थान में सांसद, विधायक और तहसीलदार स्तर तक के अधिकारियों को भी थ्स् दर्ज करवाने के लिये धरना-प्रदर्शन तक करना पड़ रहा है। जूली ने बताया कि आंकड़ों में इतनी कमी करने के प्रयासों के बावजूद अगर हम अपराध के आंकड़ों को देखें तो ऐसा लगता है जैसे राजस्थान में जंगलराज चल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इसी वर्ष 01 जनवरी से 30 जून के बीच बलात्कार के 2966, दहेज हत्या के 187 और महिला उत्पीडन के 6192 प्रकरण दर्ज हुए हैं। 01 जनवरी, 2024 से जून, 2025 के बीच 6514 हत्या और हत्या के प्रयास के मुकदमें दर्ज हुए हैं। जूली ने कहा कि अपराधी बेखौफ हैं और पुलिस व जनता उनके सामने विवश और लाचार बनी हुई है। जयपुर और जोधपुर जैसे हाई सिक्योरिटी वाले माने जाने वाले शहरों में भी 2545 घरों में डकैती की वारदातें हुई हैं। जयपुर में रोज अपहण के मामले आ रहे हैं। प्रदेश में 15840 लोगों के अपहरण की घटनाएं दर्ज हुई हैं। प्रदेश में महिलाओं और बच्चियों के साथ भाजपा के कार्यकाल में बलात्कार के 7849 दर्ज मामलों को देखकर यह लगता है कि यहां अब महिलाओं और बच्चियों का जीवन सुरक्षित नहीं रहा। जूली ने कहा कि भाजपा सरकार ने राजस्थान को नशे और ड्रग्स का अड्डा बनाकर रख दिया है। वर्ष 2024 में ही एक्साइज एक्ट के 24161 और एनडीपीएस एक्ट के 5246 मुकदमें दर्ज किये गये हैं। चारियों का तो रिकॉर्ड ही बन गया है और चोरी की 43869 एफआईआर दर्ज हुई हैं। अगर साल 2025 की बात की जाए, तो वर्ष 2025 में जून माह तक हत्या, हत्या के प्रयास, लूट की वारदात का पैंडिंग प्रतिशत 60 प्रतिशत से भी अधिक है। वर्ष 2025 में डकैती के 43 प्रकरणों में कोई भी बरादमगी नहीं हो पाई है, अर्थात् बरादमगी का प्रतिशत शून्य है। जूली ने कहा कि प्रदेश में दलितों पर अत्याचार की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इनके प्रति अपराध की घटनाओं में सरकार की असंवेदनशीलता और जातिवादी मानसिकता के कारण आये दिन इनके विरूद्ध अपराध की घटनाएं हो रही हैं। एससी/एसटी के विरूद्ध विगत 6 माह में 4093 प्रकरण दर्ज हुए यानि कि प्रतिदिन औसतन करीब 23 घटनाएं कारित हुई हैं। बाबा साहब अंबेडकर ने जिस समतामूलक समाज और संविधान का सपना देखा था, उसे राजस्थान की भाजपा सरकार ने तार-तार कर दिया है। बाबा साहब ने हमें समानता, न्याय और भाईचारे का मार्ग दिखाया था, लेकिन आज यह सरकार इन मूल्यों की खुलेआम अवहेलना कर रही है।

राज्य स्तरीय पंच गौरव समिति की प्रथम बैठक सम्पन्न

## मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई समीक्षा- क्रियान्वयन, बजट आवंटन व पुनर्विनियोजन पर महत्वपूर्ण निर्णय

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



मुख्य सचिव की अध्यक्षता में सोमवार को सचिवालय में राज्य स्तरीय पंच गौरव समिति की प्रथम बैठक आयोजित हुई। बैठक में पंच गौरव कार्यक्रम की प्रगति, जिला स्तरीय कार्ययोजनाओं एवं नोडल विभागों के प्रस्तावों की समीक्षा की गई। चयनित जिलों को बजट आवंटन और पुनर्विनियोजन से जुड़े विषय भी एजेंडे में शामिल रहे।मुख्य सचिव सुधांश पंत ने निर्देशित किया कि कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन और सतत मॉनिटरिंग के लिए राज्य एवं जिला स्तर पर समितियाँ सक्रिय रहें और उपखण्ड स्तर पर नियमित समीक्षा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि योजनाओं को समयबद्ध कार्ययोजना के अनुसार लागू किया जाए, विभागों के बीच समन्वय सुदृढ़ किया जाए और पंचायत स्तर तक विशेष अभियान चलाकर अधिकतम लाभार्थियों तक पहुँचा जाए। साथ ही वित्तीय प्रावधानों और बजट उपयोग की नियमित समीक्षा कर कार्यक्रम का लाभ समय पर और पारदर्शी तरीके से जनता तक पहुँचाया जाए। आयोजना विभाग के निदेशक विनेश सिंघवी ने बताया कि पंच गौरव कार्यक्रम को राज्य सरकार ने फ्लैगशिप योजना घोषित किया है। उन्होंने बताया कि सभी जिलों से कार्ययोजनाएँ प्राप्त कर उनका परीक्षण संबंधित विभागों से कराया जा चुका है।उन्होंने बैठक के एजेंडा में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। इनमें जिला स्तरीय समितियों से प्राप्त 406 करोड़ की कार्ययोजनाओं पर विचार, नोडल विभाग की अनुशंसा पर 86.18 करोड़ का बजट जिलों को आवंटित करने पर चर्चा, तथा 100 करोड़ के प्राविधिक बजट को विभिन्न मदों में पुनर्विनियोजित करने का प्रस्ताव प्रमुख रहे। इसके साथ ही प्रत्येक संभाग के जिलों को 50 लाख और अन्य जिलों को 25 लाख अनटाइड फंड उपलब्ध कराने के विषय पर भी विचार-विमर्श किया गया और निर्णय हुए। उन्होंने यह भी बताया कि विभिन्न गौरव घटकों- उपज, वनस्पति प्रजाति, उत्पाद, पर्यटन स्थल और खेल के लिए जिला एवं विभाग स्तर पर विस्तृत अनुमोदन स्वीकृत किए गए हैं, ताकि कार्यक्रम का क्रियान्वयन गति पकड़ सके। पंच गौरव कार्यक्रम की शुरुआत 17 दिसम्बर 2024 को हुई थी तथा वर्ष 2025-26 के बजट घोषणा संख्या 22 (1) के अंतर्गत इसे मंजूरी दी गई, जिसके लिए 550 करोड़ का प्रावधान है। योजना का उद्देश्य प्रत्येक जिले की विशिष्ट पहचान स्थापित करना, स्थानीय संसाधनों को प्रोत्साहन देना और रोजगार व आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ाना है।

स्वत्वाधिकारी , मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक रेखा गौड़ के लिए महारानी प्रिन्टर्स, 17 माँ वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर में मुदित एवं प्लाट नं. एसबी-7, रजनी विहार, हीरापुरा, अजमेर रोड़, जयपुर-302024 से प्रकाशित ।
( पी.आर. बी. एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार )